# KRISHI VIGYAN KENDRA, KUMHER-BHARATPUR

DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION

(SRI KARAN NARENDRA AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER-JAIPUR)

**Dr.Navab Singh**
**Senior Scientist & Head**

**Mob- 91-9414544054**
**E mail- pc.kvk.kumher@sknau.ac.in**


क्रमांकः एफ (OA)/Store/KVK/K/2025/1487 दिनांकः 02-01-2024

## खुली नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर (भरतपुर) फार्म पर वर्ष 2024–25 के लिए केन्द्र पर उद्यान यूनिट के पेड जिसमें बेर– 50 पेड के फलों की खुली बोली द्वारा नीलामी की जावेगी । अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 09.01.2025 को दोपहर 1:00 बजे फार्म पर उपस्थित होकर मौके पर बोली लगा सकते हैं। बोली में सम्मिलित होने के लिए 4000/– रू. का डी.डी/बैंकर्स चैक/नगद जमा कर कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हेर के नाम बनवाकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। खुली नीलामी सूचना को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

**केन्द्र पर उद्यान की यूनिट में फलदार पौधे हेतु खुली नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार हैं :–**

1. समस्त शर्तों को ध्यानपूर्वक पढें एवं हस्ताक्षर करें।
2. ये ठेका 31.03.2025 या वर्ष 2024–25 की फलों की समाप्ति तक मान्य होगा।
3. बोलीदाता को रुपये 200/– पंजीयन शुल्क के रुप में जमा कराने होंगे, जो कि वापस देय नही होंगे।
4. बोलीदाता को बोली लगाने हेतु स्वयं का आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
5. बोलीदाता को बोली लगाने हेतु स्वयं का आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
6. स्वीकृत निविदादाता को सिंचाई संबंधी पम्पेसैट, पाईप व अन्य सामान गिनकर लिखित में प्राप्त करना होगा व गिनकर वापस जमा करना होगा व जिसकी चौकीदारी स्वयं ठेकेदार को ही करनी होगी।
7. बेरबाग, मातृ वृक्ष बगीचा में लगे फल देने वाले पेड–पौधों में ( बेर ) निराई, गुडाई, थांवले बनाना, सिंचाई व खाद उर्वरक डालने का कार्य स्वयं ठेकेदार को करना होगा।
8. बेरबाग, मदर ऑरचार्ड में लगे फल देने वाले पेड–पौधों में ( बेर ) उच्चतम बोलीदाता को ही दिया जायेगा। केन्द्र के फल देने वाले पेड–पौधों में ( बेर ) में पानी लगाने के लिए केन्द्र आपको बोरिंग–इंजन, डीजल, पाईप आदि उपलब्ध करायेगा।
9. केन्द्र पर बाग यूनिट में कोई भी अन्य कार्य यूनिट प्रभारी एवं अद्योहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बगैर नही किया जावेगा।
10. निराई, गुडाई, कटाई दवाओं का छिडकाव/भुरकाव व अन्य संबंधित कार्य मौसम की स्थिति को देखते हुए निविदादाता को कराना होगा। प्रतिकूल मौसम होने पर कार्य रोके जाने अथवा जारी रखने व परिस्थिति अनुसार निर्णय लेने का अधिकार उद्यान यूनिट प्रभारी का होगा।
11. फल उत्पादन में लगने वाले समस्त मजदूरी की व्यवस्था स्वयं ठेकेदार की होगी।
12. श्रमिक क्षति होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
13. किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद कुलपति महोदय, श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर (जयपुर) के आर्बीटेषन में प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।
14. किसी भी निविदा का बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
15. बेर बगीचा व सम्पूर्ण बगीचा को आवश्यकता अनुसार केन्द्र द्वारा जुताई करा दी जावेगी। केन्द्र ट्रेक्टर डीजल सहित उपलब्ध करायेगा।

16. बेर के बगीचा के पौधों के फलों की सरकारी बोली रू. 16000/—है। असफल बोलीदाता की राशि खुली नीलामी पूर्ण होने पर वापिस कर दी जावेगी। सफल निविदादाता की धरोहर राशि को मूल राशि में समायोजित नही किया जावेगा। यह राशि फल समाप्ति के बाद लौटाई जावेगी। इस राशि पर कोई

17. ब्याज देय नही होगा। अन्तिम बोली की सम्पूर्ण राशि बोली दिनांक के एक सप्ताह में जमा करानी होगी।

18. निविदादाता के मजदूर व स्वयं फार्म पर मदिरा व अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन नही करेंगे और न ही किसी अन्य को करने देंगे।

19. कोरोना महामारी (कोविड—19) के मध्य नजर, श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच के साथ टीकाकरण, सामाजिक दूरी, मास्क, सेनेटाईजर एवं आवष्यक साधन/सामग्री उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

20. कोरोना महामारी (कोविड—19) के सम्बन्ध में भारत/राजस्थान सरकार द्वारा समय—समय पर जारी होने वाले समस्त दिषा—निर्देषों का पालन करना अनिवार्य होगा।

21. बेर बगीचा व सम्पूर्ण बगीचा में लगे फलदार के सभी पेड—पौधों में दवाई छिडकाव का कार्य केन्द्र के ट्रेक्टर द्वारा कार्यालय के डीजल से आवष्यकता अनुसार समय—समय पर करवा दिया जावेगा।

22. केन्द्र के बेरबाग, मदर ऑरचार्ड में लगे फल देने वाले पेड—पौधौं में ( बेर ) खाद व उर्वरक केन्द्र द्वारा आवष्कता अनुसार उपलब्ध करा दिया जावेगा व उक्त कार्य में लगने वाले श्रमिक स्वयं निविदादाता को लगाने होगें।

23. किसी भी अकास्मिक घटना के लिए निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

24. निविदा शर्तों की सहमति हेतु रुपये 100 का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

25. मैं निविदा की समस्त शर्तों से सहमत हूं तथा मैं उपरोक्त शर्तों पर कार्य करने के लिए तैयार हूं।

Navneet Kumar

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

प्रतिलिपि :—सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेत ु निम्नलिखित को प्रेषितहैः—

1. श्रीमान् निदेशक महोदय, प्रसार शिक्षा निदेषालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्याालय, जोबनेर।
2. श्रीमान् वित्त नियंत्रक महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्याालय, जोबनेर।
3. प्रभारी, सिमका श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्याालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sknau.ac.in पर अपलोड करना सुनिष्चित करें।
4. कमेटी कन्वीनर/सदस्य/लेखाषाखा ........................................................................
5. श्रीमान् डीन, कृषि महाविद्यालय, भरतपुर के सूचना पटट्।
6. श्रीमान् प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर भरतपुर के सूचना पटट्।
7. पंचायत समिति कार्यालय, कुम्हेर भरतपुर के सूचना पटट्।
8. रक्षित पत्रावली।

Navneet Kumar

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञानकेन्द्र, कुम्हेर
भरतपुर (राज0)